# बी.सी. फार्माकियर

## ब्लड ग्लूकोज परीक्षण स्ट्रिप्स

आपके मधुमेह उपचार के आधार पर बी.सी. फार्माकियर, एक वर्ष में एक विशिष्ट संख्या में ब्लड ग्लूकोज परीक्षण स्ट्रिप्स के भुगतान की सुविधा देता है।

### वार्षिक परीक्षण स्ट्रिप सीमा

यदि आप इनमें से एक से अधिक उपचार श्रेणियों में हैं, तो आपका कवरेज उच्च सीमा पर है:

इंसुलिन के साथ और निरंतर या फ्लैश ग्लूकोज मॉनिटर के बिना - **वार्षिक सीमा:** 3000

इंसुलिन के साथ और निरंतर या फ्लैश ग्लूकोज मॉनिटर के साथ - **वार्षिक सीमा:** 200

हाइपोग्लाइसीमिया पैदा करने के उच्च जोखिम के साथ एंटीहाइपरग्लाइसेमिक (इंसुलिन सेक्रेटागॉग्स - सल्फोनीलुरिया जैसे ग्लाइबुराइड, और मेगालिटिनाइड्स जैसे रिपैग्लिनाइड) - **वार्षिक सीमा:** 400

हाइपोग्लाइसीमिया पैदा करने के कम जोखिम वाले एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक (उदाहरण के लिए, एकरबोस जैसे अल्फा-ग्लूकोसिडेज़ अवरोधक; मेटफॉर्मिन जैसे बिगुआनाइड्स; डाइपेप्टिडाइल पेप्टिडेज़ -4 (DPP-4) अवरोधक जैसे लिनाग्लिप्टिन; इन्क्रेटिन मिमेटिक्स / ग्लूकागन-जैसे पेप्टाइड (GLP-1) एगोनिस्ट जैसे सेमाग्लूटाइड; सोडियम-ग्लूकोज कोट्रांसपोर्टर 2 (SGLT2) अवरोधक जैसे एम्पाग्लिफ्लोज़िन; थियाजोलिडाइनायड्स (TZDs), जैसे पियोग्लिटाज़ोन) - **वार्षिक सीमा:** 200

खान पान/व्यायाम - **वार्षिक सीमा:** 200

- जब आप टेस्ट स्ट्रिप्स खरीदते हैं, तो कंप्यूटर सिस्टम (फार्मानेट) आपकी वार्षिक सीमा से राशि काट लेता है
- यदि आप उपचार में बदलाव करते हैं, तो आपकी वार्षिक सीमा की जानकारी फार्मानेट में स्वत: दर्ज हो जाती है
- यह जानने के लिए कि आपके पास कितनी पट्टियाँ बची हैं, HIBC (नीचे गए नंबर) पर फोन करें
- सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा खरीदी गई स्ट्रिप्स पर समाप्ति तिथि काफी समय बाद की हो
- कितनी बार परीक्षण करना है, इसके बारे में अपने डॉक्टर या मधुमेह प्रशिक्षक से बात करें, या diabetes.ca/takecharge पर जाएं

### यदि आपको अधिक स्ट्रिप्स की आवश्यकता है

यदि आपको अधिक बार परीक्षण करने की आवश्यकता है, आप इंसुलिन का उपयोग नहीं कर रहे हैं,और आपके साथ निम्न स्थितियां हैं, तो आपका डॉक्टर या मधुमेह शिक्षा केंद्र अतिरिक्त स्ट्रिप्स के फार्माकेयर कवरेज का अनुरोध कर सकता है:

- 3 महीने या उससे अधिक समय से चिकित्सक द्वारा निर्धारित ब्लड ग्लूकोज स्तर के लक्ष्य पूरे नहीं किए गए
- एक गंभीर बीमारी या स्थिति है जो आपके ब्लड ग्लूकोज नियंत्रण को प्रभावित कर सकती है
- हाइपो-या हाइपरग्लेसेमिया उत्पन्न करने वाली दवाएं शुरू या बंद कर दी गई हैं
- ऐसी नौकरी जहां हाइपोग्लाइसीमिया एक महत्वपूर्ण सुरक्षा जोखिम है (उदाहरण के लिए, पायलट, कमर्शियल ड्राइवर)
- गर्भावस्थाजन्य मधुमेह

दुर्लभ मामलों में, यदि आपको अधिक बार परीक्षण करने की चिकित्सीय आवश्यकता है, या इंसुलिन लेना है और अधिक बार परीक्षण करने की आवश्यकता है, तो आपका एंडोक्रिनोलॉजिस्ट अतिरिक्त स्ट्रिप्स के लिए फार्माकेयर को अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है।

**सवाल?**

हमें सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक और शनिवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक 1 800 663-7100 पर कॉल करें।